**राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की भवन निर्माण समिति की दिनांक 24–06–2022 को सम्पन्न पॉचवी बैठक का कार्यवृत्तः–**

**बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुएः–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला<br>निदेशक<br>राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज | अध्यक्ष |
| 2. | श्री आशीष श्रीवास्तव<br>सहायक अभियन्ता एवं प्रतिनिधि<br>अधीक्षण अभियन्ता<br>लोक निर्माण विभाग, कन्नौज | सदस्य |
| 3. | श्री अरस्तु गौतम<br>विभागाध्यक्ष<br>सिविल इंजी0 विभाग<br>राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज | सदस्य |
| 4. | डा0 जे0के द्विवेदी<br>एसोसिएट प्रोफेसर, इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य |
| 5. | डा0 रवीश सिंह राजपूत<br>सहायक प्राध्यापक एवं<br>कार्यवाहक कुलसचिव, राजकीय इंजी0 कालेज कन्नौज | सदस्य |
| 6. | श्री राजेश कुमार<br>वित्त एवं लेखाधिकारी,<br>राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज | सदस्य |
| 7. | श्री मो0 अलीम खान<br>सहायक अभियन्ता<br>उ0प्र0 आवास विकास परिषद, कानपुर | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 8. | श्री संतोष कुमार<br>अवर अभियन्ता<br>उ0प्र0 आवास विकास परिषद, कानपुर | विशेष आमंत्रति सदस्य |
| 9. | श्री ऋषभ कश्यप<br>सहायक प्राध्यापक एवं<br>प्रभारी, जनपदीय अनुरक्षण<br>राजकीय इंजी0 कालेज कन्नौज | सदस्य–सचिव |

(J.K. Dwivedi)

CamScanner

05.01 राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज के भवन निर्माण समिति की दिनांक 04–06–2021 को सम्पन्न चतुर्थ बैठक के कार्यवृत का पुष्टीकरण।

समिति ने राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की भवन निर्माण समिति की दिनांक 04–06–2022 को सम्पन्न चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया।

05.02 राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज के भवन निर्माण समिति की दिनांक 04–06–2021 को सम्पन्न चतुर्थ बैठक मे लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण से समिति को अवगत कराया जाना।

संस्थान की भवन निर्माण समिति की दिनॉक 04–06–2021 को सम्पन्न हुई चतुर्थ बैठक में लिये गये निर्णयों पर संस्थान द्वारा कृत कार्यवाही से समिति अवगत हुई तथा संतोष व्यक्त किया।

05:03 संस्थान मे 08 लैबों के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था उ0प्र0 आवास विकास परिषद की आगणन धनराशि रू0 152.77 लाख के प्रस्ताव पर संस्तुति।

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज के निर्माण हेतु पुनरीक्षित लागत रू0 12642.82 लाख के सापेक्ष कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, सूडा इकाई–1, कानपुर को अवमुक्त धनराशि रू0 6828.32 लाख से संस्थान मे मात्र 01 एकेडमिक ब्लाक ही निर्मित है जिसमें कुल 04 ब्रांचों की सभी शैक्षणिक तथा प्रशासनिक गतिविधियां संचालित की जा रही है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा जारी विजिटिंग कमेटी की दिनांक  रिपोर्ट में कुल 08 लैबों की कमी दर्शायी गयी है। अभातशिप से प्राप्त मान्यता की निरन्तरता बनाये रखने हेतु 08 लैबों की कमी को पूर्ण करने के लिये उ0प्र0 आवास विकास परिषद से प्राप्त आगणन रू0 152.77 लाख के प्रस्ताव पर सुसंगत नियमों के तहत जिसकी तकनीकी परीक्षण संस्थान की भवन निर्माण समिति से कराने के पश्चात् उक्त पर प्रशासकीय परिषद की अनुमोदनोपरान्त संस्थान की बचत से वित्त पोषण कराये जाने के प्रस्ताव पर संस्थान की वित्त समिति द्वारा सैद्धांतिक सहमति/संस्तुति प्रदान की गई है।

अतः अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा जारी विजिटिंग कमेटी की रिपोर्ट में दर्शायी गयी कमियों को पूर्ण करने एवं अभातशिप से प्राप्त मान्यता की निरन्तरता बनाये रखने हेतु लैबों की कमी को पूर्ण करने के लिये कुल 08 लैबों के निर्माण हेतु उ0प्र0 आवास विकास परिषद से प्राप्त आगणन रू0 152.77 लाख के परीक्षणोपरान्त संस्थान की भवन निर्माण समिति द्वारा उक्त पर संस्तुति प्रदान की गई।

CamScanner

**05.04 राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति से भवन निर्माण समिति का अवगत कराया जाना।**

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की स्थापना/निर्माण परियोजना के कार्यों पर अनुमोदित पुनरीक्षित लागत रू0 12642.82 लाख के सापेक्ष व्यय हेतु विभिन्न शासनादेशों के माध्यम से अबतक कुल रू0 6828.32 लाख की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। उक्त अवमुक्त धनराशि रू0 6828.32 लाख का शतप्रतिशत व्यय अनुमोदित मदों में किया जा चुका है।

**समिति उपरोक्त सूचना से अवगत हुई।**

**05:05 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा वित्त पोषित पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान मे हो रहे निर्माण कार्यो की अद्यतन स्थिति से भवन निर्माण समिति को अवगत कराया जाना।**

विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा वित्त पोषित पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यकम के अन्तर्गत संस्थान को निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत बजट के सापेक्ष जिस पर भवन निर्माण समिति की संस्तुति प्राप्त है, के सापेक्ष कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 द्वारा किये गये अद्यतन निर्माण कार्यों का विवरण निम्नानुसार है:

(धनराशि रू0 लाख मे)

**DDU-QIP Phase-1**

| S. N. | Approved Building | Sanctioned Amount | Released Amount | Status |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 04 Residence of type-II and 22 type-III | 429.32 | 343.46 | 50% completed |
| 2 | Construction of 04 Residence of Type-II and 04 Type-I | 132.40 | 52.96 | 37% completed |
| | Total | | | |

**DDU-QIP Summery of Phase-2**

| S. N. | Approved Articles | Sanctioned | Released | Status |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Single Seater Hostel (100) | 490.00 | 196.00 | 40% completed |

**समिति उपरोक्त सूचना से अवगत हुई।**

**05:06 उ0प्र0 नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण, लखनऊ द्वारा संस्थान मे स्थापित 102 किलोवाट आनग्रिड सोलर पावर प्लान्ट की अद्यतन स्थिति से भवन निर्माण समिति को अवगत कराया जाना।**

उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणी ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपी नेडा), लखनऊ द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के सापेक्ष संस्थान की वित्त समिति द्वारा धनराशि रू0 39.60 लाख का बजट स्वीकृत किया गया था। उक्त स्वीकृत बजट का 80 प्रतिशत धनराशि रू0 31.68 लाख का अग्रिम भुगतान यूपी नेडा को प्रस्ताव/डिमांट नोट मे दी गई शर्तों के अधीन किया गया। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणी ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपी नेडा), लखनऊ द्वारा संस्थान के 01 एकेडमिक ब्लाक एवं 02 छात्रावासों के छत पर 102 किलोवाट क्षमता की आनग्रिड सोलर पावर प्लान्ट की स्थापना की गई है।

**समिति उपरोक्त सूचना से अवगत हुई।**

**05.07 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

रिपोर्टिंग आइटमः

(1) **इनोवेशन एवं स्टार्टअप**

संस्थान मे नयी शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप छात्र–छात्राओं के नवीन अनुप्रयोग एवं नवाचार को प्रोत्साहित किये जाने के दृष्टिगत उ0प्र0 स्टार्टअप नीति 2020 के तहत संस्थान के छात्रावास के आधे भाग में इनक्यूबेटर्स तथा इनोवेशन सेल की स्थापना की गई है। इनोवेशन एवं स्टार्टअप से के सुचारू संचालन हेतु संस्थान द्वारा 10 इन्क्यूबवेटर की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। वर्तमान में संस्थान में कुल 10 इन्क्यूवेटर की स्थापना किया जाचुका है।

संस्थान मे स्थापित इनक्यूबेटर्स तथा इनोवेशन सेल की इन्फ्रास्ट्रक्चर हेतु धनराशि रू0 50.00 लाख का अनुदान डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ से प्राप्त हुआ है।

(2) **संस्थान मे स्थापित अस्थाई कैन्टीन/काफी कार्नर**

संस्थान के एकेडमिक ब्लाक के निकट पूर्व से संचालित 01 अस्थायी कैन्टीन के अतिरिक्त एक और अस्थायी कैन्टीन/कॉफी कार्नर 03 वर्षों अथवा अग्रिम आदेशो तक जो भी पहले हो, की अवधि के लिये संस्थान कर्मियों एवं छात्र–छात्राओं के प्रयोगार्थ स्थापित किया गया है।

**(3) पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान मे निर्मित श्रेणी–3 के 22 आवासों के आवंटन की सूचनाः**

डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा वित्त पोषित पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 द्वारा निर्मित/निर्माणाधीन शिक्षक आवासों का अस्थाई आवंटन वरिष्ठता सूची के आधार पर लाटरी विधि से किया गया है।

**समिति उपरोक्त सूचना से अवगत हुई।**

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

(ऋषभ कश्यप)
सहायक प्राध्यापक एवं सदस्य
भवन निर्माण समिति
रा0इ0का0 कन्नौज

(अरस्तु गौतम)
विभागाध्यक्ष
सिविल इंजी0 विभाग एवं
सदस्य
भवन निर्माण समिति
रा0इ0का0 कन्नौज

(आशीष श्रीवास्तव)
सहायक अभियन्ता एवं
प्रतिनिधि
अधीक्षण अभियन्ता
लोक निर्माण विभाग एवं
सदस्य
भवन निर्माण समिति
रा0इ0का0 कन्नौज

(राजेश कुमार)
वित्त एवं लेखाधिकारी एवं
सदस्य
भवन निर्माण समिति
राजकीय इजी0कालेज कन्नौज

(डा0 रवीश सिंह राजपूत)
कुलसचिव एवं सदस्य
भवन निर्माण समिति
रा0इ0का0 कन्नौज

(डा0 जे0के द्विवेदी)
एसोसिएट प्रोफेसर,
इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग
एच0बी0टी0यू0, कानपुर
एवं सदस्य
भवन निर्माण समिति
रा0इ0का0 कन्नौज

(प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला)
निदेशक एवं
अध्यक्ष, भवन निर्माण समिति
राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज

CamScanner